**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव


### हिंदी विवि में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव

## जिलाधिकारी, जिला पुलिस अधीक्षक ने दीपोत्सव में की सहभागिता

### आकर्षक रोशनाई, दीप और रंगोली से जगमग हो गया परिसर

### सभी भवनों, प्रमुख स्थलों, आवासीय परिसर तथा छात्रावासों में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ दीपोत्सव

वर्धा, 23 जनवरी 2024: अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का परिसर दीपोत्सव, भवनों पर की गयी आकर्षक रोशनाई और रंग-बिरंगी मनमोहक रंगोली से









जगमग हो गया था। सोमवार की सुबह से ही विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन हुआ। शाम को आयोजित किए गए दीपोत्सव ने उत्सव, उमंग और उत्साह में चार-चांद लगा दिए। विवि के अध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी इस पावन अवसर के भागीदार बने। दीपोत्सव कार्यक्रम में वर्धा के जिलाधिकारी राहुल कर्डिले और जिला पुलिस अधीक्षक नूरूल हसन ने शामिल होकर विवि के इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और प्रशासन को बधाई भी दी। अपने संदेश में दोनों महानुभावों ने अभिभूत होकर सांस्कृतिक विरासत का यह पर्व जिले के लिए आदर्श बनने की भावना


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

व्यक्त की। उन्होंने दीपोत्सव पर सभी का उत्साहवर्धन किया। उनके आगमन पर कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया ने उनका अंगवस्त्र, विवि का प्रतीक चिन्ह और सूत माला से हार्दिक स्वागत किया। जिलाधिकारी और जिला पुलिस अधीक्षक ने विवि के समता भवन प्रांगण में अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर के चित्र और प्रभु श्रीराम का चित्र एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटआउट से तैयार किए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली। प्रारंभ में उन्होंने अज्ञेय संकुल स्थित ऋषि वशिष्ठ वाटिका परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर सुंदरकाण्ड के उपरांत भोग प्रसाद ग्रहण किया।

विवि के सभी भवनों और प्रमुख स्थलों पर आयोजित दीपोत्सव से पूरा परिसर जगमग हो गया था। इस उपक्रम में विवि परिवार के सदस्यों के साथ विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विवि के क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता और प्रयागराज तथा सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा एवं तत्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपुर में भी दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## हिंदी विश्वविद्यालयात दीपोत्सव उत्साहात साजरा
## दीपोत्सवात जिल्हाधिकारी, जिल्हा पोलीस अधीक्षक झाले सहभागी
## आकर्षक रोशनाई, दिवे व रांगोळ्यांनीउजळून निघाला परिसर
## सर्व इमारती, प्रमुख ठिकाणे, निवासी संकुले, वसतिगृहांमध्ये दिव्यांची आरास

वर्धा, 23 जानेवारी 2024: अयोध्येतील भगवान श्री राम लला यांच्या प्राण-प्रतिष्ठेच्या पर्वावर महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचा परिसर दिव्यांची आरास, रोषणाई आणि रंगीबेरंगी सुंदर रांगोळीने उजळून निघाला होता. सोमवारी सकाळपासूनच विश्वविद्यालय परिसरात विविध कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले. संध्याकाळी आयोजित केलेल्या दीपोत्सवाने उत्सव, आनंद आणि उत्साह अधिकच वाढविला. या सोहळ्यात विश्वविद्यालयातील शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी सहभागी झाले होते. वर्धेचे जिल्हाधिकारी राहुल कर्डिले व जिल्हा पोलीस अधीक्षक नूरुल हसन यांनी गांधी हिलवर दीपोत्सव कार्यक्रमात सहभागी होऊन विश्वविद्यालयाच्या या उपक्रमाचे कौतुक केले तसेच प्रशासनाचे अभिनंदनही केले. दोन्ही मान्यवरांनी आपल्या संदेशात सांस्कृतिक वारसा असलेला हा महोत्सव जिल्ह्यासाठी आदर्श ठरावा अशी भावना व्यक्त केली. दीपोत्सवात त्यांनी सर्वांना प्रोत्साहन दिले. त्यांचे आगमन होताच कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया यांनी त्यांचेअंगवस्त्र, विविचे प्रतीक चिन्ह आणि सूत माळ घालून स्वागत केले. विश्वविद्यालयाच्या समता भवन परिसरात अयोध्येतील भव्य श्री राम मंदिर आणि भगवान श्री राम आणि पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या कटआऊट्ससह तयार केलेल्या सेल्फी पॉईंटवर जिल्हाधिकारी आणि जिल्हा पोलिस अधीक्षकांनी सेल्फी ही काढली. प्रारंभी त्यांनी अज्ञेय संकुल येथील ऋषी वशिष्ठ वाटिका संकुलात आयोजित सुंदरकांड व सांस्कृतिक कार्यक्रमात सहभाग घेतला आणि प्रसाद ग्रहण केला.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

विश्वविद्यालयाच्या सर्व इमारती आणि महत्त्वाच्या ठिकाणी आयोजित केलेल्या दीपोत्सवाने संपूर्ण परिसर उजळून निघाला होता. कोलकाता व क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज आणि सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा आणि तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपूर येथेही दीपोत्सव मोठ्या थाटामाटात साजरा करण्यात आला.